यूटीयू में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ेगी

एमओयू

जागरण संवाददाता, देहरादून : विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की प्रतिभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) एवं विज्ञानशाला इंटरनेशनल के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। विज्ञानशाला इंटरनेशनल का प्रोग्राम शी फार स्टेम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्नातक कर रही छात्राओं को करियर रेडीनेस सहयोग प्रदान करता है।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले छह तकनीकी महाविद्यालयों में शी फार स्टेम प्रोग्राम प्रारंभ किया जा रहा है। शी फार स्टेम लाइव कक्षाओं के माध्यम से छात्राओं को मेंटरिंग सहयोग प्रदान किया जाता है। दो सेमेस्टर वाले प्रोग्राम में तीसरे एवं चौथे वर्ष के सभी छात्राओं को जोड़ा जाएगा। इस दौरान वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा.ओंकार सिंह, कुलसचिव प्रो.सत्येंद्र सिंह, डा. संजय, विज्ञानशाला इंटरनेशनल के संस्थापक डा.दर्शना जोशी, उत्तराखंड के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक भुवन जोशी, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।



- यूटीयू और विज्ञानशाला इंटरनेशनल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
- छात्राओं को शी फार स्टेम लाइव कक्षाओं से दिया जाएगा सहयोग